B.Ed. Examination

BED-07

Hindi Teaching

हिन्दी शिक्षण

समय: 3 घंटा **अधिकतम अंक: 80**

Note: प्रश्न पत्र 'A','B' और 'C' तीन खण्डों में विभाजित होगा:

खंड A (Section-A) में कुल 8 अति लघु उत्तर वाले प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा इस प्रकार खंड ए में कुल अंक 16 होगा इस खंड के सभी प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य होंगे इस खंड के प्रश्नों का उत्तर एक शब्द , एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में देना होगा

खंड B (Section-B) में **कुल 8 लघु उत्तर वाले प्रश्न होंगे जिनमे से आपको किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना होगा** | इस खंड के प्रश्नों का **उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में** अपेक्षित है| इस खंड का **प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों** का होगा और खंड **कुल 32अंक** का होगा|

खंड C (Section-C) में कुल 4 दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न होंगे जिनमे से आपको **किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर देना होगा** |प्रत्येक प्रश्न में आतंरिक विकल्प भी होगा | **प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों** का होगा जिनका **उत्तर अधिकतम 800 शब्दों में** अपेक्षित है | यह खंड **कुल 32**अंकों का होगा|

Section-A

अति लघु उत्तर वाले प्रश्न (अनिवार्य)

- किसी मुर्ख व्यक्ति के लिए *'गधा'* शब्द का प्रयोग शब्दों के अर्थ आधारित भेदों अभिधा, लक्षणा व व्यंजना में से किसका उदाहरण है?
- जीन पियाजे के अनुसार आत्मसातीकरण तथा समाविष्टिकरण संज्ञानात्मक कार्यविधि के किस विशेषता की प्रक्रिया है?
- ब्लूम द्वारा दिए गए शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण के अनुसार संज्ञानात्मक पक्ष के प्रमुख भेद कौन से हैं?
- किसे खेल शिक्षण पद्धति का प्रवर्तक माना जाता है?
- हिन्दी भाषा शिक्षण हेतु भारत के राजभाषा विभाग द्वारा सी-डैक की सहायता से 1999 में किस नाम का साफ्टवेयर तैयार किया गया था?

- ‘अप्रोचेज एंड मेथड्स इन लैंगवेज’ नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
- पी० पी० पी० उपागम का पूरा नाम क्या है?
- (viii) ‘सजेस्टोपिडीया’ भाषा शिक्षण के किस उपागम से संबंधित है?
- ‘पत्थर’ का तत्सम शब्द क्या है?
- विचारों की विलोमीयता तथा संरक्षण जीन पियाजे द्वारा बताए गए संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था की विशेषता है?
- प्रोजेक्ट या प्रयोजन विधि के प्रवर्तक कौन हैं?
- भारत में दूरदर्शन का प्रारम्भ किस तिथि को हुआ?
- 6 फरवरी 1999 को ‘देवनागरी हिन्दी’ में प्रथम निःशुल्क ई-मेल सेवा किस साफ्टवेयर कम्पनी द्वारा प्रारम्भ की गई थी?
- ‘सिंटैक्टिक स्ट्रक्चर’ नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
- ‘इस्की’ नामक मानक कोडिंग प्रणाली किस संस्थान द्वारा विकसित की गई है?
- भाषा प्रयोगशाला क्या है?
- अव्ययीभाव समास में कौन सा पद प्रधान तथा कौन सा पद गौण होता है?
- जेरोम ब्रूनर द्वारा बताए गए संज्ञानात्मक विकास की सभी अवस्थाओं का नाम लिखिए|
- डाल्टन पद्धति के प्रवर्तक कौन हैं?
- 23 फरवरी 2000 को इंदौर में ‘नई दुनिया’ द्वारा किस हिन्दी सर्च इंजन को प्रारम्भ किया गया?
- उपचारात्मक शिक्षण के पूर्व किस प्रकार के परीक्षण की आवश्यकता होती है?
- बी० एफ़० स्किनर द्वारा अभिक्रमित अनुदेशन के दिए गए सभी सिद्धांतों का नाम लिखें|
- भारत में राजभाषा अधिनियम-1963 की किस धारा के अनुसार राज्य कर्मचारियों के लिए हिन्दी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है?
- जान कमेनियस के अनुसार भाषा शिक्षण के लिए कौन सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?

Section-B

(Short Answer Questions)

लघु उत्तर वाले प्रश्न

- भाषा क्या है ? स्पष्ट करें|
- सूक्ष्म शिक्षण क्या है? क्या आप इसे वास्तविक शिक्षण मानते हैं|

- ❖ जीन पियाजे द्वारा बताए गए संज्ञानात्मक विकास के मूर्त संक्रियात्मक अवस्था की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट करें |
- ❖ भाषा-संरचना के आवश्यक अंगों को स्पष्ट करें |
- ❖ शिक्षण पद्धतियों एवं उपागमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |
- ❖ हिन्दी विषय के शिक्षण के लिए प्रोजेक्ट या योजना विधि का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है?
- ❖ हिन्दी भाषा के विकास में दूरदर्शन की भूमिका को आप कितना महत्वपूर्ण मानते हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें |
- ❖ किसी छात्र द्वारा की जा रही वर्तनी की अशुद्धियों को ठीक करने के लिए आप किस प्रकार से उपचारात्मक शिक्षण करेंगें?
- ❖ भाषा के प्रमुख प्रतीकों को संक्षेप में स्पष्ट करें |
- ❖ घोष तथा अघोष वर्णों को सोदाहरण स्पष्ट करें |
- ❖ अभिक्रमित अनुदेशन क्या है ? इसके प्रमुख सिद्धांतों का वर्णन करें |
- ❖ हिन्दी शिक्षण में नवाचार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |
- ❖ भाषा अधिगम हेतु सामूहिक चर्चा प्राविधि के महत्व को स्पष्ट करें |
- ❖ मापन और मूल्यांकन में क्या अंतर है ? स्पष्ट करें
- ❖ पठन कौशल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |
- ❖ सहसंबंध क्या है ? भाषा के उर्ध्वाधर तथा क्षैतिज सहसंबंध को स्पष्ट करें |
- ❖ भाषाई अर्थ के आधार पर शब्दों के विभिन्न प्रकारों का सोदाहरण वर्णन करें |
- ❖ अभिधा, लक्षणा तथा व्यंजना को उदाहरणों के माध्यम से समझाएँ |
- ❖ समास क्या है ? समास के विभिन्न प्रकारों का सोदाहरण वर्णन करें |
- ❖ विषय वस्तु विश्लेषण से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट करें |
- ❖ जीन पियाजे द्वारा वर्णित संज्ञानात्मक विकास की पूर्वसंक्रियात्मक अवस्था पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |
- ❖ समस्या समाधान पद्धति क्या है? स्पष्ट करें |
- ❖ 'लीला प्रबोध, प्रवीण तथा प्रज्ञा' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |
- ❖ भाषा अधिगम में सम्प्रेषण उपागम क्या है ? स्पष्ट करें |

Section 'C'

(दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न)

❖ ब्लूप्रिंट क्या है तथा यह क्यों आवश्यक है? किसी कक्षा के हिन्दी प्रश्न पत्र के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करें | (6+10)

अथवा

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें | किसी कक्षा के हिन्दी प्रश्नपत्र के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के इन प्रत्येक प्रकारों से संबंधित दो-दो प्रश्न बनाएँ | (6+10)

❖ किसी कक्षा के हिन्दी पाठ्यक्रम की समालोचना आप किन-किन आधारों पर करेंगें | आप के मतानुसार समालोचना के ये आधार क्यों महत्वपूर्ण हैं? (10+6)

अथवा

मातृभाषा के पाठ्य-पुस्तक की रचना के प्रमुख सोपानों का वर्णन करें | प्रत्येक सोपान के महत्व को भी स्पष्ट करें | (10+6)

❖ शिक्षण सहायक सामग्री क्यों आवश्यक है ? आपके अनुसार हिन्दी विषय के लिए किस प्रकार के शिक्षण सहायक सामग्रियों का प्रयोग किया जाना चाहिए ? उनके प्रयोग विधि पर भी प्रकाश डालें | (4+8+4)

अथवा

आपके अनुसार किसी हिन्दी शिक्षक में किन गुणों का होना आवश्यक है? उन गुणों के अभाव का शिक्षण के ऊपर क्या प्रभाव पड़ सकता है? (10+6)

❖ हिन्दी भाषा में मौखिक अभिव्यक्ति के विकास के लिए आप विद्यालय में किस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजनों को महत्वपूर्ण मानते हैं और क्यों? एक हिन्दी शिक्षक के रूप में इन कार्यक्रमों की वार्षिक समय योजना बनाएँ | (12+4)

अथवा

हिन्दी भाषा में लेखन कौशल के विकास के लिए आप विद्यालय में किस प्रकार के अभ्यासों/कार्यक्रमों के आयोजनों को महत्वपूर्ण मानते हैं और क्यों? एक हिन्दी शिक्षक के रूप में इन अभ्यासों/कार्यक्रमों की वार्षिक समय योजना बनाएँ | (12+4)

❖ भाषा की उत्पत्ति के प्रमुख सिद्धांतों की व्याख्या करें | आपके अनुसार कौन सा/से सिद्धांत अधिक उपयुक्त है/हैं | अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें | (10+6)

अथवा

'आधुनिक संचार के साधन हिन्दी के स्वरुप को बिगाड़ रहे हैं' - इस कथन के पक्ष या प्रतिपक्ष में तर्क प्रस्तुत करें | (16)

❖ 'श्रवण कौशल भाषा विकास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है'- इस कथन के संदर्भ में तर्क प्रस्तुत करें | (16)

अथवा

एक हिन्दी शिक्षक के रूप में अपने छात्रों के श्रवण कौशल के विकास के लिए आप किस प्रकार के अभ्यासों/कार्यक्रमों को आयोजित करेंगें ? (10+6)

❖ रचना व अर्थ के आधार पर वाक्य के विभिन्न प्रकारों की उदाहरण सहित व्याख्या करें | (16)

अथवा

हिन्दी शिक्षण के प्रमुख उद्देश्यों की विस्तृत व्याख्या करें | (16)

❖ कक्षा 9 के हिन्दी पाठ्यक्रम से संबंधित किसी कविता पर एक इकाई पाठ योजना को प्रस्तुत करें | (16)

अथवा

कक्षा 10 के हिन्दी पाठ्यक्रम से संबंधित व्याकरण के किसी विषय पर एक इकाई पाठ योजना को प्रस्तुत करें | (16)

❖ निदानात्मक परीक्षण से आप क्या समझते हैं? कक्षा नौ के किसी छात्र के लेखन की अशुद्धियों के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए 20 प्रश्नों के एक निदानात्मक परीक्षण का निर्माण करें | (6+10)

अथवा

निबंधात्मक प्रश्नों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें | किसी कक्षा के हिन्दी प्रश्नपत्र के लिए ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग, विश्लेषण, संश्लेषण तथा मूल्यांकन स्तर के पांच-पांच निबंधात्मक प्रश्नों का निर्माण करें | (6+10)

❖ किसी कक्षा के हिन्दी के पुस्तक की समालोचना आप किन-किन आधारों पर करेंगें | आप के मतानुसार समालोचना के ये आधार क्यों महत्वपूर्ण हैं? (10+6)

अथवा

भाषा प्रयोगशाला क्या है ? भाषा प्रयोगशाला के विभिन्न घटकों का विस्तार से वर्णन करें | (10+6)

❖ आपके अनुसार हिन्दी संग्रहालय में कौन-कौन से प्रमुख अनुभाग होने चाहिए | अपने विद्यालय हेतु हिन्दी संग्रहालय के विकास का प्रतिमान प्रस्तुत करें | (10+6)

अथवा

'आधुनिक संचार के साधनों ने हिन्दी को लोकप्रिय बनाया है' - इस कथन के पक्ष या प्रतिपक्ष में तर्क प्रस्तुत करें | (16)

❖ इकाई पाठ योजना के विभिन्न घटकों का विस्तार से वर्णन करें | क्या आप इकाई पाठ योजना को भाषा शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं ? अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें | (12+4)

अथवा

गद्य शिक्षण, पद्य शिक्षण तथा व्याकरण शिक्षण की पाठयोजनाओं में क्या अंतर है? विस्तार से स्पष्ट करें | (16)

****